



# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

सोमवार
24 अक्टूबर 2022
डिजिटल संस्करण


**सूचना :** दीपावली को लेकर सोमवार को केशव टाइम्स का कार्यालय बंद रहेगा। अखबार की डिजिटल कॉपी मंगलवार से मिलेगी।


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक




✌कोहली की विराट पारी ने पाकिस्तान के जबड़े से खींच ली जीत

# वाह विराट... शानदार पारी से देशवासियों को दिया दिवाली का तोहफा

**केटी न्यूज पटना**

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ने चीर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को पांच विकेट से रौंदकर देशवासियों को दीपावली का शानदार तोहफा दिया है। इसके साथ ही भारत ने एशिया कप में मिली हार का बदला भी ले लिया है। दिवाली से एक दिन पहले मिली यह जीत इस मायने में भी खास है क्योंकि भारत एक समय हार के कगार पर खड़ा दिखाई दे रहा था। मेलबर्न में खेले गए इस मैच में कोहली ने शानदार पारी खेलते हुए भारत को विराट जीत दिलाई। यह कोहली की जिद ही थी कि उन्होंने पाकिस्तान के जबड़े से मैच को छीन भारत की झोली में डाल दिया। इस अहम मुकाबले में विराट कोहली ने 53 गेंदों में नाबाद 82 रनों की पारी खेली। इसमें उन्होंने छह चौके और चार छक्के लगाए। ये कहने में जरा भी गुरेज नहीं होगा कि मैच में पूरी तरह विराट छाए



रहे। 160 रनों का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने मैच के दूसरे ओवर में ही केएल राहुल के रूप में अपना पहला विकेट गंवा दिया। राहुल लगातार चौथी बार पाकिस्तान के खिलाफ फ्लॉप रहे। राहुल की बल्लेबाजी देख ऐसा लग रहा था मानों वे बड़े मैच के लिए बने ही नहीं हैं। राहुल के विदा होने के बाद किंग कोहली मैदान में पहुंचे। शुरूआत में कोहली ने संभलकर खेलना शुरू किया। एक-एक, दो-दो रन से पारी को आगे बढ़ाते रहे। उनकी बल्लेबाजी देख ऐसा लग रहा था मानों वे ठानकर आए हैं कि चाहे कुछ हो जाए आज पाकिस्तान को नहीं चलने देना है। किसी भी हाल में भारत को जीत दिलाना है और देशवासियों को दीपावली का तोहफा देना है।

**और ताश के पत्तों की तरह बिखरते गया भारत का शीर्षक्रम:** इतने बड़े मैच में टीम इंडिया का शीर्ष क्रम ताश के पत्तों की तरह धाराशाई हो गया। 31 रन आते-आते भारत के चार विकेट गिर चुके थे। जिस तरह से विकटों का पतन हो रहा था, ऐसा लग रहा मानों भारतीय टीम ने हथियार डाल दिया है। लेकिन इसके बाद किंग कोहली और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने बेहतरीन बल्लेबाजी का नजारा पेश करते हुए न केवल पारी को संवारा बल्कि जीत की उम्मीद जगा दी।

- पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने बनाए थे 159 रन
- भारत की ओर से अर्शदीप और हार्दिक पांड्या ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट झटके

### आखिरी ओवर का रोमांच, जीत को चाहिए थे 16 रन

- ऑफ स्पिनर नवाज की पहली गेंद पर हार्दिक आउट।
- दूसरी गेंद पर दिनेश कार्तिक ने एक रन लिये।
- तीसरी बॉल पर कोहली ने दो रन लिये।
- अब तीन बॉल पर 13 रनों की जरूरत थी।
- चौथी बॉल कमर के ऊपर फुलटॉस रही। इस पर कोहली ने जोरदार छक्का जड़ दिया, यह नो बॉल थी
- अगली बॉल फ्री हिट थी, जो वाइड रही।
- अगली फ्री हिट बॉल पर कोहली बोल्ड हो गए। लेकिन नियमत: फ्री हिट पर कोई बल्लेबाज आउट नहीं हो सकता। ऐसे में कोहली ने दौड़कर तीन रन ले लिये।
- इसके बाद पांचवी बॉल पर दिनेश कार्तिक रन आउट हो गए। ऐसे में मैच एक बार फिर फंस गया था।
- अंतिम बॉल पर दो रन चाहिए थे। स्ट्राइक पर आर अश्विन थे। नवाज ने उन्हें बॉल किया लेकिन यह वाइड बॉल हो गई। अब अंतिम बॉल पर एक रन चाहिए थे। ऐसे में अश्विन ने अंतिम बॉल को मिड ऑफ पर खेल कर भारत को जीत दिला दी।

हालांकि एक समय टीम को जीत के लिए अंतिम ओवरों में 48 रनों की जरूरत थी। ऐसे समय में कोहली ने अपनी बल्लेबाजी को टॉप गियर में डाल दिया। इन तीन ओवरों के दौरान कोहली ने तीन चौके और तीन जोरदार छक्के उड़ाते हुए भारत को जीत दिलाने में अहम रोल अदा किया। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट झटके। हार्दिक ने बाद में 40 रनों की पारी खेली।

# आठ सालों में देश ने हीनभावना की बेड़ियों को तोड़ा है : मोदी

## अयोध्या में आयोजित भव्य दीपोत्सव में शामिल हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**एजेंसी/अयोध्या**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में रविवार को भव्य दीपोत्सव में शामिल होने पहुंचे। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान राम का प्रतीकात्मक राज्याभिषेक किया। इसके बाद अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि एक समय था, जब देश में भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए जाते थे लेकिन हमने हीन भावना की बेड़ियां तोड़ी हैं। उन्होंने देशवासियों को छोटी दीपावली के अवसर पर दिवाली के लिए भी शुभकामनाएं दीं।

मोदी ने कहा कि एक समय था, राम के बारे में हमारी सभ्यता के बारे में बात करने से बचा जाता था। इसी देश में राम के अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न लगाए जाते थे। उसका परिणाम ये हुआ कि हमारी धार्मिक सांस्कृतिक पहचान पीछे छूटती गई। अयोध्या आते थे तो मन दुखी हो जाता था। वाराणसी की गलियां परेशान कर देती थीं। जिन्हें हम अपने अस्तित्व का प्रतीक मानते थे, वही बदहाल



थे, तो मनोबल टूट जाता था। 8 सालों में देश ने हीनभावना की बेड़ियों को तोड़ा है। 15 लाख दीपों के जलते ही राम की नगरी जगमगा उठी। पीएम मोदी ने कहा कि दीपोत्सव का यह भव्य आयोजन भारत के सांस्कृतिक जागरण का प्रतिबिंब है। सदियों बाद अयोध्या जगमगा रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने अतीत में एक से बढ़कर एक झंझावतों का सामना किया है और फिर उससे निकलकर एक गौरवशाली भविष्य का निर्माण किया है। यह सिर्फ इसलिए रहा है क्योंकि



हमने दीप जलाना नहीं छोड़ा है। दीपक खुद जलकर अंधेरे को खत्म करता है। यह भारत के पराक्रम को दशार्ता है। इस बार दीपोत्सव पर 15 लाख 76 हजार 995 दीप जलाए गए। जो कि एक रिकॉर्ड है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के अधिकारियों ने इसका प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दिया।।

**विकास के नए आयाम छू रहा है अयोध्या:** मोदी ने कहा कि हमने राम मंदिर, केदारनाथ महाकाल तक घनघोर उपेक्षा के शिकार हमारी आस्था के गौरव को पुनर्जीवित किया है। अयोध्या के विकास के लिए हजारों करोड़ की नई योजनाएं शुरू की गईं। सड़कों का विकास हो रहा है, नए इन्फ्रास्ट्रक्चर बन रहे हैं। विकास नए आयाम छू रहा है। मोदी ने इस बार लाल किले से पंच प्राणों को आत्मसात करने का आह्वान किया है। इनकी ऊर्जा जिस एक तत्व से जुड़ी है, वो है भारत के नागरिकों का कर्तव्य। आज अयोध्या में दीपोत्सव पर हमें इस संकल्प को दोहराना है। श्रीराम से जितना सीख सकें, सीखना है। भगवान राम, मयार्दा पुरुषोत्तम कहे जाते हैं। मयार्दा मान रखना भी सिखाती है और मान देना भी सिखाती है और मयार्दा जिस बोध की आग्रही होती है, वो बोध कर्तव्य ही है। मोदी ने कहा कि श्रीराम लला के दर्शन और राम का अभिषेक ये सौभाग्य राम जी की कृपा से ही मिलता है। जब राम का अभिषेक होता है तो हमारे भीतर राम के आदर्श और मूल्य और दृढ़ हो जाते हैं।

- ☞ 15 लाख 76 हजार 995 दीप जगमगा उठी अयोध्या नगरी
- ☞ गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के अधिकारियों ने सीएम योगी आदित्यनाथ को सौंपा प्रमाण पत्र
- ☞ नमो ने इस बार लाल किले से पंच प्राणों को आत्मसात करने का किया आह्वान

## काली दिवाली: नदी में डूबने से चार लड़कियों की मौत, पटना में नाव पलटी, छह लापता

**केटी न्यूज/पटना**

दिवाली से एक दिन पहले औरगांबाद जिले के गोह प्रखंड में बड़ा हादसा हो गया। यहां उपहारा थाना क्षेत्र के हमीदनगर गांव के पुनपुन नदी में डूबने से चार लड़कियों की मौत हो गई। लड़कियों की हुई मौत ने इनके परिवार की दिवाली को काली दिवाली बना दिया। जानकारी के अनुसार पुनपुन नदी में कुसुमरा घाट पर कपड़ा धोने 5 लड़कियां गई थीं। एक के बाद एक करके पांचों डूबने लगीं, जिसे बचाने के लिए गांव के ही शंकर ठाकुर ने नदी में छलांग लगा दी। एक को बचाने में कामयाब रहे, लेकिन इसके बाद वे किसी को बचा नहीं पाए। मृतकों की पहचान उसी गांव के गनौरी भगत के 16 वर्षीय पुत्री मनीषा कुमारी, विजय भगत की 19 वर्षीय पुत्री काजल कुमारी, बखोरी विश्वकर्मा की 16 वर्षीय पुत्री निधि कुमारी, हरिद्वार भगत की 12 वर्षीय पुत्री छोटी कुमारी एवं शंकर ठाकुर के रूप में की गई है।

पटना में रविवार की सुबह एक नाव गंगा नदी में पलट गई। नाव पर 21 लोग सवार थे। इनमें से 15 लोगों को गोताखोरों की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि 6 लोग लापता हैं। हादसा दीघा में दीघा पिलर नंबर 10 के पास हुआ। हादसे की सूचना एसडीआरएफ टीम को दी गई। टीम उनकी तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार नाव पुल के पिलर से टकराई और नदी में समा गई। हादसा सुबह साढ़े 7 बजे हुआ। बताया जा रहा है यहां बालू का अवैध खनन चल रहा था। फिलहाल स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। गंगा का जलस्तर ज्यादा होने की वजह से रेस्क्यू में परेशानी आ रही है। बताया जा रहा है कि लोग गंगा जल लेने के लिए नाव पर बैठे थे। इनको दूसरी नाव से स्थानीय लोगों की मदद से निकाल लिया गया है। बाकी कुछ लोग उसी नाव से बालू ले जा रहे थे। नाव जब पिलर से टकराई तो 7 से 8 लोग जो तैरना जानते थे वो खुद कूद भाग गए। पुलिस के डर से वो नदी के दूसरे तरफ भाग गए।

## जर्जर सड़क देख भड़के आरके सिंह, आरा नगर निगम के पार्षद और मेयर को बताया चोर

**केटी न्यूज/पटना**

आरा में एक सभा को संबोधित करते केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंहे ने कहा कि नगर निगम के पार्षद और मेयर चोर है, डकैत है। आप लोग ऐसे पार्षदों को क्यों चुनते हैं?` शहर की जर्जर सड़कों का हाल देख केंद्रीय मंत्री बिफर पड़े। उन्होंने मेयर और पार्षद को चोर-डकैत बताते हुए इन्हें डंडा मारकर ठीक करने की बात कही। आरा के कलेक्टर` घाट परे एनटीपीसी के कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री पहुंचे थे। आर के सिंह आरा के सांसद भी हैं। उन्होंने 29 लाख 40 हजार रुपए की लागत से बने हाई मास्क लाइट का उद्घाटन किया। इस दौरान आरके सिंह ने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारी विकास की योजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। मंत्री ने दावा किया कि 5 से 7 साल के भीतर उन्होंने बेहतर कार्य किया है। सांसद ने शहर के सड़कों की जर्जर स्थिति के लिए नगर निगम के प्रतिनिधियों को जिम्मेदार बताया।

## दिवाली की खुशी में खलल डाल सकता है तूफान सितरंग

**पटना।** बंगाल की खाड़ी में सक्रिय तूफान सितरंग दिवाली की खुशी में खलल डाल सकता है। इस तूफान का असर पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र के साथ ही बिहार के कुछ जिलों में भी पड़ेगा। सितरंग का आंशिक असर झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्से में दिखाई देगा। इससे बिहार के सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, भागलपुर, बांका, मुंगेर, जमुई सहित 12 जिलों में रुक-रुक कर बारिश होगी।

## सबसे भारी रॉकेट की सफलतापूर्वक लॉंचिंग

**एजेंसी आंध्र प्रदेश**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का सबसे भारी रॉकेट एलवीएम3-एम2/वनवेब इंडिया-1 को रविवार को यहां स्थित अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया और ब्रिटेन स्थित ग्राहक के लिए 36 ब्रॉडबैंड संचार उपग्रहों को निचली कक्षा (एलईओ) में स्थापित किया गया। अंतरिक्ष विभाग के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) ने पूर्व में इसरो के एलवीएम3 बोर्ड पर वनवेब लियो उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के लिए लंदन-मुख्यालय वाली नेटवर्क एक्सेस एसोसिएटेड लिमिटेड (वनवेब) के साथ दो लॉन्च सेवा अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए थे।

वनवेब एक निजी उपग्रह संचार कंपनी है, जिसमें भारत की भारती एंटरप्राइजेज एक प्रमुख निवेशक और शेयरधारक है। रविवार को, 43.5 मीटर लंबा रॉकेट 24 घंटे की उलटी गिनती के अंत में यहां सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे लॉन्च पैड से पूर्वाह्न 12 बजकर 7 मिनट पर प्रक्षेपित किया गया। इस रॉकेट की क्षमता 8,000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को अंतरिक्ष में ले जाने की है।

यह मिशन इसलिए महत्वपूर्ण है कि यह एलवीएम3 का पहला वाणिज्यिक मिशन है और प्रक्षेपण यान के साथ एनएसआईएल का भी पहला अभियान है। इसरो के अनुसार, मिशन में वनवेब के 5,796 किलोग्राम वजन के 36 उपग्रहों के साथ अंतरिक्ष में जाने वाला यह पहला भारतीय रॉकेट बन गया है।

## सूर्यग्रहण के साए के बीच इस बार मनेगी दिवाली

**केटी न्यूज/पटना**

सूर्य ग्रहण के साये के बीच इस बार दिवाली मनाई जाएगी। अमावस्या तिथि में सूर्य ग्रहण का सूतक काल प्रारंभ हो रहा है, इसके अगले दिन सूर्यग्रहण लग रहा है। ग्रहण शाम 4.23 बजे स्पर्श करेगा और इसका मध्य काल 5.28 बजे तथा मोक्ष सायं 6.25 बजे होगा। इससे पहले दिवाली पर घर और दुकानों में माता लक्ष्मी और गणेश जी की पूजा कर धन, वैभव और शुभता



में वृद्धि की लोग कामना करेंगे। रात में झिलमिलाती रोशनी से शहर जगमगा उठेंगे। लोग जमकर पटाखे चलाएंगे और तरह-तरह के पकवानों का स्वाद छकेंगे।

काशी विश्वनाथ ऋषिकेश पंचांगे के अनुसार, इस साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 24 अक्टूबर दिन रविवार को शाम 05 बजकरे 04 मिनट से प्रारंभ हो रही है और यह तिथि अगले दिन 25 अक्टूबर सोमवार को शाम 04 बजकर 35 मिनट तक मान्य है। दिवाली पर भगवान गणेश, माता लक्ष्मी और कुबेर की पूजा अमावस्या तिथि में रात्रि के समय होती है। इस वजह से 24 अक्टूबर सोमवार को हस्ते नक्षत्र के बाद चित्रा नक्षत्र और विष्कुंभ योग में दिवाली पूजन और दीपदान होगा। इस दिन प्रातःकाल में चतुर्दशी तिथि ?होने के कारण सुबह में हनुमान जी का दर्शन करना शुभ फलदायी होगा।

शास्त्रों के आधार पर दिवाली को लक्ष्मी पूजा प्रदोष काल में करने का विधान है। इसमें भी स्थिर लग्न की प्रधानता होती है। इस काल में स्वाति नक्षत्रे का योग भी बनता है। अतः दिवाली की पूजा वृष, सिंह और कुंभ लग्न में करना उत्तम रहता है। वृष लग्न शाम 06 बजकर 55 मिनट से रात 08 बजकरे 51 मिनट तक है।

- दिवाली के दिन से ही लग रहा सूर्यग्रहण का सूतक काल
- 24 को शाम 6 बज कर 55 मिनट से रात 8 बज कर 51 मिनट तक लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त

## शहर छोटी खबरें

### खुशियों का खजाना लेकर पहुंचा रोटी बैंक

**आरा।** सामाजिक संस्था आरा रोटी बैंक के तत्वाधान में रविवार को पिपरहिया टोला में जरूरतमंद बच्चों के बीच दिवाली सामग्री वितरित किया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने 'अंधेरा छटा उजियारा आया पिपरहिया टोला में' के गीत भी गाए। जिसके बाद जरूरतमंद बच्चों के बीच लावा मूढ़ी, घोड़ा मिठाई, लड्डू, पटाका, नमकीन आदि वितरित किया गया। संस्था के अखौरी दीपक बिहारी ने बताया कि आरा रोटी बैंक विगत चार वर्षों से जरूरतमंदों के उत्थान के लिए कार्य करते आ रही है। इसी कड़ी में दीपावली मुहिम का आयोजन किया जाता है। ताकि सामाजिक समरसता से वंचित वर्ग के ये बच्चे भी मुख्यधारा में शामिल हो। इस आयोजन को पूरी टीम ने उत्साह के साथ मनाया।

### फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए सात लोग

**सासाराम।** जिले के सदर प्रखंड के ताराचंडी कॉलोनी में एक ही परिवार के साथ लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार होने के बाद रविवार को सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाए गए हैं। सभी का ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। गृह स्वामी किशुन राम ने बताया कि शनिवार रात पूरे परिवार ने भोजन में कढ़ी-चावल खाया था, इसके बाद सबकी तबीयत बिगड़ने लगी। उल्टी दर्द की लगातार शिकायत के बाद पूरा परिवार इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है। बताया कि खाना खाने के बाद पत्नी कलावती देवी, बेटा अर्जुन एवं बरनाम, बेटी सुनैना समेत सात की तबीयत खराब हो गई है। सदर अस्पताल सासाराम के चिकित्सक डॉक्टर सचिन ने बताया कि एक ही परिवार के 7 लोगों को सदर अस्पताल सासाराम में लाया गया है।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक जख्मी

**रोहतास।** जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र में शनिवार रात सासाराम-आरा स्टेट हाइवे पर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि सासाराम-आरा स्टेट हाइवे पर कस्तर महादेव के पास एक बाइक और स्कर्पियो की आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें बाइक चालक की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। दरअसल टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कर्पियो का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं बाइक दो टुकड़े में टूट गई। घटना के बाद मौके पर जुटे लोगों ने पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया है।

# सांसद ने छठ घाटों का किया निरीक्षण, कहा- व्रतियों को न हो परेशानी

**केटी न्यूज/आरा**

आगामी छठ महापर्व को देखते हुए पूरा सरकारी तंत्र व्रतियों के लिए घाटों से लेकर सड़कों की मरम्मति में लगा हुआ है। इस क्रम में तैयारियों का जायजा लेने के लिए सांसद आरके सिंह ने भी जिलाधिकारी श्रीराज कुमार व एसपी संजय कुमार सिंह के साथ-साथ जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न घाटों के संचालकों व समाजसेवियों से घाटों पर व्याप्त परेशानियों व कुव्यवस्थाओं की जानकारी ली। सांसद ने सदर प्रखंड, उदवंतनगर प्रखंड समेत विभिन्न प्रखंडों के प्रमुख घाटों का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों के साथ बैठक की।



सांसद को जानकारी देते डीएम व एसपी

जिसमें उन्होंने बिंदुवार छठ घाटों पर विधि-व्यवस्था के साथ व्रतियों के लिए मूलभूत सुविधाओं मसलन चेकिंग रूम, लाइटिंग, घाटों पर सफाई आदि को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस क्रम में जिलाधिकारी ने सांसद को छठ महापर्व के पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करा लेने का आश्वासन दिया।



स्थानीय लोगों से जानकारी लेते सांसद आरके सिंह




बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते सांसद व मौजूद पदाधिकारी

# अफवाह फैलाने वाले असमाजिक तत्वों पर रखें कड़ी नजर, की जाएगी कड़ी कार्रवाई : डीएम

## दीपावली को लेकर जिलाधिकारी व एसपी ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

- ❒ सिविल सर्जन और अग्निशम विभाग को दिए गए विशेष तैयारी रखने के निर्देश
- ❒ डीएम व एसपी ने जिलेवासियों को दीपावली को लेकर दी शुभकामना

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले में दीपावली त्योहार के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था के लिए जिलाधिकारी रिची पांडेय एवं एसपी दीपक रंजन के संयुक्त अध्यक्षता में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारीयों, थानाध्यक्षों तथा सभी बीडीओ एवं सीओ के साथ समाहरणालय स्थित ग्राम प्लैक्स भवन में बैठक की। जिसमें जिलाधिकारी व एसपी ने अधिकारियों को आवश्यक निदेर्या दिया।

जहां जिलाधिकारी व एसपी ने सर्वप्राथम जिलावासियों को दीपावली पर्व अवसर पर शुभकामना देते हुए इस त्योहार को प्रेम एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि दीपावली पर्व को हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए पर्याप्त सतर्कतामूलक कार्रवाई करने की नितांत आवश्यकता है। अफवाह फैलाने वाले असमाजिक तत्वों के विरूद्ध शिकंजा कसने की भी तैयारी की गई है।

ब्रिफिंग में स्पष्ट रूप से सभी बीडीओ, सीओ व थानाध्यक्षों को निदेश दिया गया कि अफवाह फैलाने वाले असमाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें एवं उनके विरूद्ध आईपीसी की धारा 153-ए एवं 505 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले में साम्प्रदायिक सदभाव एवं शांति तथा किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तत्काल कार्रवाई करने कानिदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में पटाखों की बिक्री का अनुबंध पत्र जारी एसडीओ एवं एसडीपीओ द्वारा दिया जाएगा। जिसके आधार पर बिक्री एवं उपयोग किया जाएगा। जिसका संबंधित पदाधिकारी विशेष ध्यान रखना सुनिश्चित करेंगे।



बैठक में शामिल डीएम, एसपी व अन्य

### 74 संवेदनशील स्थानों को किया गया चिह्नित

दीपावली को लेकर 74 संवेदनशील स्थानों पर पुलिस पदाधिकारियों एवं गश्ती दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही, नगर के संवेदनशील स्थानों यथा-काको मोड़, अरवल मोड़, राजा बाजार, अस्पताल मोड़, कचहरी मोड (ईरकी सहित), महिला थाना, ठाकुरबाड़ी, प्यारी मुहल्ला, जाफरगंज, पंचमहल्ला, मलहचक, सट्टी मोड़ इत्यादि स्थानों पर विशेष गश्ती हेतु दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना अनुमंडल कार्यालय में की गई है, जिसके वरीय प्रभार में अनुमंडल पदाधिकारी को नामित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या- 06114 - 223013 है। जिलाधिकारी ने डीटीओ को जिले में वाहनों का औचक एवं गहन निरीक्षण करने को कहा है।

### समय पर कराया जाएगा मूर्तियों का विसर्जन

एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को निदेश दिया कि दीपावली त्योहार के अवसर पर विशेष विलंब एवं मार्ग अवरुद्ध होने के कारण सांप्रदायिक तनाव होने की संभावना बनी रहती है। जिसको देखते हुए 25 अक्टूबर को समय पर मूर्ति का विसर्जन कराना सुनिश्चित करेंगे। भारतीय विस्फोटक नियमावली, 1983 के प्रावधान के अंतर्गत बिना लाइसेंस की पटाखों की दुकान नहीं चलाई जाएगी एवं इस संबंध में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी यह सुनिश्चित कराएंगे कि इस प्रावधान का पूर्णत: पालन किया जाए। दीपावली के अवसर पर जुआ खेलने के भी दृष्टांत देखे गये है।

# धूमधाम से मना वीकेएसयू का स्थापना दिवस

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय स्थित वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय का 30वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कुलपति डॉ शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारियों ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित बाबू कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया माल्यार्पण किया। स्थापना दिवस पर एएस कॉलेज, बिक्रमगंज में प्रशासक बनाए जाने का मुद्दा छाया रहा। साथ ही, वेतन नहीं मिलने पर हिंदी विभाग के शिक्षक ने पोस्टर बनाकर शिक्षक संघ एवं विश्वविद्यालय प्रशासन का विरोध किया। जबकि, मंच पर चढ़ने और इस पर टोका-टोकी भी हुई। समारोह में मुख्य वक्ता बिहार राज्य शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ कन्हैया बहादुर सिन्हा ने कहा कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना काफी संघर्षों के बाद हुआ है। एएस कॉलेज, विक्रमगंज में कोर्ट के आदेश पर बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी को प्रशासक नियुक्त किए जाने पर विरोध किया।




कॉलेज में अनियमितता को रोकने के लिए कुलसचिव एवं वित्तीय पदाधिकारी अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण के हस्ताक्षर अथवा प्रभारी प्राचार्य मिलने पर परिसर में आकर वीकेएसयू ओझा, कुलानुशासक डॉ ओपी को प्रभार देकर कॉलेज का संचालन किया जा सकता था। हाईकोर्ट में विश्वविद्यालय अपने पक्ष को मजबूती से नहीं रख सका। अब यह आगे ट्रेंड नहीं बने इस पर फोकस करना होगा। दूसरी तरफ च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) की भर्त्सना की। कहा कि सीबीसीएस लागू करने से पहले इस पर एक वर्कशॉप होना चाहिए। स्थापना दिवस पर प्राचार्य डॉ नवीन कुमार, डॉ राधामोहन सिंह, डॉ आभा सिंह, डॉ शैलेंद्र कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक डॉ अनवर इमाम, दर्शनशास्त्र के डॉ किस्मत कुमार सिंह, डॉ शिवपरसन सिंह, भोजपुरी विभाग के हेड डॉ दिवाकर पांडेय, जननायक कपूर्री ठाकुरविधि महाविद्यालय, बक्सर के सचिव सह सीनेट सदस्य डॉ विनोद कुमार सिंह, डॉ प्रसुंजय कुमार, डॉ लत्तिकावर्मा, पांडेयसहित कई शामिल थे।

### दामाद ने ही गोली मार की थी ससुर की हत्या, गिरफ्तार

**सासाराम।** करगहर प्रखण्ड मुख्यालय के मुन्ना सिंह हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मुन्ना सिंह के दामाद ने ही दहेज विवाद में ससुर की गोली मार कर हत्या कर दी थी। मृतक का शव यूपी के चंदौली से बरामद किया गया था। मामले में मृतक के दामाद को गिरफ्तार कर लिया है। दामाद विपिन सिंह की गिरफ्तारी करगहर के तेंदुनी गांव से की गई है, वह तेंदुनी निवासी परमेश्वर सिंह का बेटा बताया जाता है।

# अनियंत्रित कार की चपेट में आने से दो महिलाओं समेत पांच घायल

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

रविवार के सुबह शहर के अरवल मोड़ पर एक अनियंत्रित कार चालक ने सड़क किनारे फल एवं सब्जी बेच रहे दुकानदारों को रौंदते हुए भागने का प्रयास किया। लेकिन स्थानीय लोगों एवं पुलिस की तत्परता से कार चालक एवं कार को जब्त करते हुए नगर थाने ले गई है।वहीं घायलों को स्थानीय लोग इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धनतेरस के दिन ही खरीदे गए कार को चला रहे ड्राइवर ने अरवल मोड़ पर पहुंचते ही कार पर से नियंत्रण खो दिया। उसने ब्रेक के जगह स्कलेटर को जोर से दवा दिया। जिससे यह घटना घटी। इस घटना के बाद अरवल मोड़ पर अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया और लोग चीखने चिल्लाने लगे। हालांकि पुलिस ने कुछ दूर आगे भागने के बाद कार को चालक सहित अपने कब्जे में लेकर नगर थाने ले गई है। इस संबंध में घटना स्थल पर मौजूद नगर थाना के सिपाही करण सिंह ने बताया कि धनतेरस के दिन उसने नई कार खरीदी थी। उसे पूरी तरह से गाड़ी चलाना नहीं आ रहा था। आज सुबह-सुबह अरवल मोड़ जैसे व्यस्त इलाके में कार चलाने के दौरान यह घटना घटी है। इस घटना में दो महिलाओं सहित कुल पांच लोग घायल हुए हैं। जिनका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया है।




# सिगरेट के पैकेट में गांजा भर कर बेचने व पीने धंधा, एक गिरफ्तार

- ❒ सौ ग्राम गांजा, सिगरेट के खाली 48 डिब्बे और दो भरे पैकेट बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय में सिगरेट में गांजा भर कर पीने और बेचने का धंधा चल रहा है। नवादा थाना की पुलिस ने शनिवार को इसका खुलासा किया है। इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से सौ ग्राम गांजा और सिगरेट के 48 खाली व दो भरे पैकेट बरामद किये गये हैं। मौके से एक ठेला और मोबाइल भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार युवक मौलाबाग निवासी मुन्ना कुमार है। उसके खिलाफ गांजा बेचने और नाबालिगों को मादक पदार्थ का सेवन करने के लिए उकसाने की प्राथमिकी दर्ज की गयी है।थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह के अनुसार शनिवार की रात वह गश्त पर निकले थे। तब मदन जी के हाता मोड़ के पास एक ठेले के समीप कुछ नाबालिग सिगरेट का सेवन करते देखे गए। पुलिस को देख सभी भाग गये, लेकिन ठेले पर बैठे युवक को पकड़ लिया गया।



तलाशी के दौरान ठेले पर बने बॉक्स से 50 की संख्या में सिगरेट के खाली और भरे पैकेट मिले। जांच के दौरान सिगरेट के कुछ पैकेट से गांजा बरामद किया गया। उसके बाद मजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद सीओ राजकुमार की उपस्थिति गांजे का वजन कराया गया। उसमें गांजे का वजन सौ ग्राम पाया गया। उसके बाद मुन्ना कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि शहर सहित जिले भर में किशोर और बच्चे भी सिगरेट, हेरोईन और शराब जैसी मादक पदार्थ का सेवन करने लगे हैं। नाबालिगों को धड़ल्ले से सिगरेट का कश लेते भी देखा जा रहा है। कुछ रोज पहले ही शहर में अधिक मात्रा में मादक पदार्थ का सेवन करने से एक किशोर की मौत हो गयी थी। ऐसे में पुलिस मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है।

## एक नजर

### 24 घंटों में तीन जुआरियों सहित विभिन्न कांडों में 46 वांटेड गिरफ्तार, 22 ने किया सरेंडर

**आरा।** जिले में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर जारी अभियान के दौरान 24 घंटे में तीन जुआरियों सहित विभिन्न कांडों में 46 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस की दबिश के कारण 19 आरोपितों द्वारा कोर्ट में सरेंडर भी किया गया है। इस दौरान अवैध शराब की आठ भट्ठियों को तोड़ा गया। आठ सौ लीटर महुआ पास नष्ट किया गया। वहीं 50 लीटर महुआ शराब भी बरामद की गयी है। एसपी संजय कुमार सिंह की ओर से प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गयी है। प्रेस बयान के अनुसार मुफस्सिल थाने की पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार गेसिंग के अड्डे पर छापेमारी कर तीन जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से 47 हजार आठ सौ रुपये नगद, दो बंडल ताश, दो बाइक और दो मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार जुआरियों में बड़का डुमरा गांव निवासी भूपेंद्र सिंह, मिथिलेश कुमार रजक और भेल डुमरा गांव निवासी ओम पासवान शामिल हैं। बता दें दीपावली को लेकर एसपी के निर्देश पर पूरे जिले में गेसिंग, लॉटरी और जुआ के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।



संजय कुमार सिंह, एसपी, भोजपुर

### गांव में छिपे टैलेंट को खोजकर मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिश करती यवनिका : एसपी



**आरा।** यवनिका द्वारा आयोजित 15वां बाल महोत्सव की शुरूआत ग्रामीण क्षेत्र से किया गया। यह आयोजन एलपी भी शिक्षा निकेतन, रामसागर, बड़हरा, आरा से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भोजपुर एसपी संजय कुमार सिंह और सचिव बाल महोत्सव ने अपने कर कमलों द्वारा किया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित बच्चों को आशीर्वाद देते हुए एसपी ने कहा कि यह आयोजन नहीं महायज्ञ है और इतने दूर दराज के गांवों में यवनिका संस्था का पहुंचना और बच्चों के अंदर से टैलेंट को निकालने की कोशिश एक बहुत बड़ी मिसाल है। यह देश का एकमात्र ऐसी संस्था है जो गांव में छिपे टैलेंट को खोजती है और शहर में मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिश करती है। भोजपुर एसपी संजय कुमार सिंह ने कहा कि भले ही इस गांव में आने में थोड़ी दिक्कत हुई यहां रास्ते भी सही नहीं है लेकिन यहां के बच्चों की ऊर्जा और सकारात्मक पक्ष देखकर लगता है कि यह दुनिया कुछ भी नहीं है। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर-के उद्घाटन के द्वारा किया गया जहां मटुकपुर के मुखिया विजय उपस्थित रहे। साथ में पूर्व मुखिया सुमित कुमार गांव के वरिष्ठ नागरिक मुन्ना गिरी थे। कार्यक्रम के आयोजन समिति के सदस्यों में शुभिका अंजलि, आकाश सिंह, बी एन सिंह, इंग्लिश कोचिंग सेंटर, हर्ष सिंह, मुस्कान सिंह, सिमरन कुमारी, माही, श्रुति, मनीष कुमार, रोहित गिरी आदि की भूमिका प्रशंसनीय थी।

### कन्या मध्य विद्यालय में कार्यरत शिक्षक की डेंगू से मौत

**जहानाबाद।** जिले के इंडोर स्टेडियम परिसर में संचालित कन्या मध्य विद्यालय में कार्यरत शिक्षक विकास कुमार की मौत डेंगू से हो गई। मूल रूप से अरवल जिले के करपी प्रखंड के कसौटी गांव निवासी शिक्षक कुछ दिन पहले डेंगू से पीड़ित हो गए थे। उनका इलाज पटना के कंकड़बाग के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। रविवार की सुबह उनके निधन की खबर आते ही शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। उनके निधन पर टेट एसटेट उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार ने शोक जताते हुए कहा कि वे बहुत ही कर्तव्यनिष्ठ एवं मृदुल स्वभाव के मिलनसार इंसान थे। दिवंगत शिक्षक शहर के कपूरी नगर शहीद भगत सिंह नगर रोड माले कार्यालय के पास घर बनाकर रह रहे थे। निधन पर शोक संवेदना जाहिर करने वालों से शिक्षक नेता बचनदेव कुमार, ब्रजेश कुमार, कौशलेंद्र कुमार, रमेश कुमार, मो. रहमत अली, प्रमोद कुमार, मो. इम्तियाज, मो. एहतेशाम, महफूज आलम, उत्पल कुमार, हिमांशु रंजन, रवि वर्मा समेत अन्य लोग शामिल हैं।

# छठ महापर्व से पहले सूखा प्रभावित परिवारों को मिलेगा जीआर की राशि

- ❒ मुख्यमंत्री के फरमान के बाद जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक
- ❒ प्रभावित परिवारों के आधार नंबर और खाता नंबर सही सही लेने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिलाधिकारी रिची पांडेय ने रविवार को जिले के सुखाड़ प्रभावित प्रखंडों के पात्र लाभुकों को विशेष सहायता सुखाड़ अनुग्रहित राशि भुगतान के लिए छह प्रखंडों के बीडीओ, सीओ एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सहित डाटा इंट्री ऑपरेटर व कार्यपालक सहायक के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर छठ पर्व के पहले भुगतान करने का निदेश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि 22 अक्टूबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 2022 में सूखा प्रभावित परिवारों को विशेष सहायता के रूप में आनुग्रहित राहत की राशि का भुगतान का शुभारंभ किया है। जहां मुख्यमंत्री के द्वारा राज्य के 11 सूखाग्रस्त जिलों के 96 प्रखंडों के 937 पंचायतों के 7841 राजस्व ग्रामों एवं इनके अन्तर्गत आने वाले सभी गांवों, टोलों तथा बसावटों के सभी प्रभावित परिवारों को 3500/- रुपये प्रति परिवार की दर से विशेष सहायता देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लेकिन, छठ महापर्व के पहले जहानाबाद समेत सूखा प्रभावित सभी जिलों को जल्द से जल्छ भुगतान करने का भी लक्ष्य दिया गया है।



बैठक में शामिल अधिकारी

**योजना के तहत कार्य करते हुए निर्धारित तिथि तक भुगतान करें :** जिलाधिकारी ने छठ पर्व के पूर्व सभी प्रभावित परिवारों को विशेष सहायता सुखाड़ अनुग्रहित राहत राशि भुगतान करने हेतु संबंधित बीडीओ, सीओ एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को कार्य योजना के तहत कार्य करते हुए निर्धारित तिथि तक भुगतान करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पारदर्शिता के साथ पात्र लाभुकों को भुगतान करने का निदेश दिया। सुखाड़ प्रभावित पंचायत के वार्ड के कोई भी परिवार नहीं छुट्टे उसका भी ध्यान रखने का निदेश दिया गया तथा सुखाड़ प्रभावित परिवारों के प्राप्त आधार नंबर एवं खाता नंबर सही से मिलान कर राशि भुगतान करने का निर्देश दिया। वहीं, अनियमितता बर्दास्त नहीं की जाने की बात कही।

### जिले के छह प्रखंड सूखे से प्रभावित

जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निदेशानुसार जिले के छह सुखाड़ प्रभावित प्रखंडों के 41 पंचायतों के अंतर्गत 202 राजस्व ग्रामों के तहत आने वाले विभिन्न ग्रामों, बसावटों एवं टोलों प्रभावित परिवारों को 3500/- रुपये प्रति परिवार की दर से विशेष सहायता सुखाड़ अनुग्रहित राहत राशि छठ पर्व के पहले भुगतान किया जाना है। जिले में कुल 6 प्रखंड सुखाड़ ग्रस्त है, जिसमें जहानाबाद सदर, मखदुमपुर प्रखंड, घोषी प्रखंड, मोदनगंज प्रखंड, हुलासगंज प्रखंड तथा रतनी फरीदपुर प्रखंड शामिल है। जहानाबाद सदर प्रखंड अंतर्गत 02 पंचायत के 02 वार्ड, जिसमें 12 राजस्व ग्राम, मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत 20 पंचायत के 20 वार्ड, जिसमें 78 राजस्व ग्राम, रतनी फरीदपुर प्रखंड अंतर्गत 11 पंचायत के 11 वार्ड, जिसमें 70 राजस्व ग्राम, घोषी प्रखंड अंतर्गत 01 पंचायत के 01 वार्ड, जिसमें 09 राजस्व ग्राम, हुलासगंज प्रखंड अंतर्गत 01 पंचायत के 01 वार्ड, जिसमें 06 राजस्व ग्राम

केशव टाइम्स
बक्सर, 24 अक्टूबर 2022



## जिले छोटी खबरें

### सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव बने नागेन्द्रनाथ ओझा

**डुमरांव।** डुमरांव सीपीआई के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व राज्य सभा सांसद नागेन्द्रनाथ ओझा को सीपीआई का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। उन्हें सीपीआई का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर उनके समर्थकों तथा चाहने वालों में खुशी व्याप्त है। राष्ट्रीय सचिव बनने के बाद रविवार को वे पहली बार डुमरांव आए। इस दौरान सामाजिक मंच के बैनर तले उन्हें सम्मानित किया गया। सामाजिक मंच के अग्रणी प्रदीप शरण के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में श्री ओझा को फूल मालाओं से लाद दिया गया। इस दौरान लोगों ने उन्हें सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव बनने पर बधाई भी दी। मौके पर कामरेड सह जिला पार्षद केदार यादव समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### दो व तीन नवंबर को एथेलेटिक्स प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**बक्सर।** आगामी 2 से 3 नवंबर को किला मैदान में जिला एथेलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में द्वितीय जिला एथेलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला एथेलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सहबाज अख्तर ने कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत बिहार के एथेलेटिक्स, कुश्ती औरभारत्तोलन खेल आवंटित किया गया है। इस कड़ी में जिले में एथेलेटिक्टस गतिविधियों को बढ़ाने और प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत एथेलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है, जिसे पांच आयु वर्ग में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता में बालक-बालिका 14,16, 18, 20 एवं पुरुष-महिला में निम्न प्रतियोगिता आयोजित होगी ।इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी जिलास्तरीय प्रतियोगिता क्रास कांट्री एवं महाराष्ट्र में आयोजित अंतरजिला राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता के लिए चयनित किये जाएंगे। मौके पर सोनू खां, चंदन साहनी, कृष्णा साहनी, अनिकेतराय आदि मौजूद थे। प्रतियोगी का रजिस्ट्रेशन 25 अक्टूबर तक होगा।

### डुमरांव नप ईओ ने की सफाई कार्य की समीक्षा

**डुमरांव।** सोमवार को मनाई जाने वाली दीपावली और आगामी छठ महापर्व को देखते हुए रविवार को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार ने सफाई और घाटों को सुरक्षित बनाने के लिए गठित टीमों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने टीम के द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान नप के बड़ा बाबू दुर्गेश सिंह को मॉनीटरिंग करने का निर्देश दिया गया।

# खुशखबरी : राजपुर में बनाया जाएगा अति पिछड़ा कन्या उच्च विद्यालय सह छात्रावास

- डीएम ने अकबरपुर के सरकारी जमीन को किया चयनित
- सीओ को शीघ्र कागजी प्रक्रिया पूरी कर एनओसी देने का मिला निर्देश


अकबरपुर में जमीन का मुआयना करते डीएम

**केटी न्यूज/राजपुर**

जिले के राजपुर प्रखंड के अकबरपुर गांव में जिले का इकलौता अतिपिछड़ा कन्या उच्च विद्यालय सह छात्रावास बनेगा। रविवार को डीएम अमन समीर ने अपने मातहतों के साथ अकबरपुर पहुंच खाली पड़े पांच एक-ड़ के सरकारी भूभाग को इस बहुप्रतिक्षित अतिपिछड़ा कन्या उच्च विद्यालय सह छात्रावास के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की। इसके पहले डीएम ने जिले के सभी प्रखंडों में इस स्कूल और छात्रावास के लिए जमीन की तलाश करवाई थी। लेकिन उनकी तलाश राजपुर के अकबरपुर पंचायत के स्थानीय गांव में जाकर पूरी हुई। जमीन चयन के बाद उन्होंने मौके पर उपस्थित राजपुर अंचल के सीओ सोहन राम को तत्काल कागजी प्रक्रिया पूरी कर एनओसी देने को कहा। एनओसी मिलने के बाद ही इस भूखंड पर विद्यालय निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी। गांव में अतिपिछड़ा कन्या उच्च विद्यालय व छात्रावास खुलने की जानकारी होते ही अकबरपुर के ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई है। वही गांव में जिला पदाधिकारी के साथ ही पूरी प्रशासनिक टीम को देख ग्रामीणों में यह उम्मीद भी जगी है कि उनके गांव में विकास की गंगा बहेगी। इस दौरान डीएम के साथ एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र, राजपुर बीडीओ इंदुबाला, एडीएम, राजस्व पदाधिकारी सुश्री राज, मनरेगा पीओ मो सज्जाद, राजस्वकर्मी बद्री प्रसाद, रामाशंकर राम समेत कई अन्य मौजूद थे।

### इस स्कूल में पढ़ सकेंगी अतिपिछड़ा वर्ग में आने वाली छात्राएं

अकबरपुर में खुलने वाले अतिपिछड़ा कन्या उच्च विद्यालय व छात्रावास का लाभ बक्सर जिले के सभी अंचलों के अतिपिछड़ा वर्ग में आने वाली छात्राओं को मिल सकेगा। विभागीय सूत्रों की मानें तो राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में अतिपिछड़ा छात्रावास खोले जाने की योजना है।
बक्सर में जमीन चयन होने के बाद यह उम्मीद बढ़ी है कि यह स्कूल जल्दी ही मूर्त रूप लेगा तथा अतिपिछड़ा वर्ग की कन्याओं को शिक्षा की अलख जगाने में मील का पत्थर साबित होगा।

### छात्राओं को मिलेगी अत्याधुनिक सुविधाएं

इस स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को कई अत्याधुनिक सुविधाएं भी मिलेगी। विभागीय सूत्रों की मानें तो उनके छात्रावास में पेयजल, शौचालय, बाथरूम सहित सभी जरूरी सुविधाएं मिलेंगी इसके अलावे उन्हें स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर, तकनीकी शिक्षा के साथ ही कई अन्य गतिविधियों के माध्यम से दक्ष बनाने का प्रयास किया जाएगा। छात्रावास बनने से आसपास इलाके में रहनेवाली अन्य छात्राओं में भी उच्च शिक्षा पाने की तमन्ना जागृत होगी। यहां पढ़ाई करने के बाद छात्राएं तकनीकी रूप से दक्ष होंगी।

## धनतेरस पर दूसरे दिन भी बाजारों में हुई धन की वर्षा, पटाखा, मिठाई, इलेक्ट्रानिक सामानों की अधिक बिक्री

# दीपोत्सव का उत्साह: शहर से गांव तक के बाजार खरीदारों से गुलजार

- सुबह से देर शाम तक खरीददारी के लिए उमड़े रहे ग्राहक
- अच्छी बिक्री होने से व्यवसायियों की रही बल्ले-बल्ले
- बाजार में भी बच्चों का दिखा उत्साह

**केटी न्यूज/बक्सर**


मिट्टी के बर्तन व दीए खरीदते लोग


फोटो- मुढ़ी, लावा की दुकान पर उमड़ी भीड़

दीपावली की पूर्व संध्या पर बाजार में जमकर खरीददारी हुई। लगातार दूसरे दिन भी बाजार खरीददारों से गुलजार रहा। इससे पहले शनिवार को भी धनतेरस के मौके पर करोड़ों का कारोबार हुआ था। लगातार दूसरे दिन बाजार में धनवर्षा होने से व्यवसायी काफी खुश नजर आ रहे थे तथा पूरे दिन उन्हें चैन की सांस तक नहीं मिली। बावजूद अच्छी बिक्री होने से उनके चेहरों पर खुशी थी। बता दें कि पिछले दो सालों में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के चलते पर्व त्योहारों में पाबंदी के कारण वैसी चमक नहीं रहती थी।

लेकिन इस बार बंदिशे खत्म होने के बाद व्यवसायियों ने राहत की सांस ली है। बक्सर जिला मुख्यालय तथा डुमरांव अनुमंडल मुख्यालय जैसे शहरी क्षेत्रों में पूरे दिन लोग बाजार में जरूरी सामानों की खरीददारी करते रहे। सबसे अधिक भीड़ पटाखा, फल, मिठाई तथा इलेक्ट्रानिक दुकानों पर रही। इसके अलावे मिट्टी के


फोटो- लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों व कलेंडर खरीदते लोग

बर्तन, दीए, घरौंदा, कपड़े आदि सामान की दुकानों पर भी देर रात तक भीड़ रही। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में भी दीपावली की पूर्व संध्या पर जमकर बिक्री हुई है।

एक अनुमान के मुताबिक दूसरे दिन भी जिले में करोड़ो के कारोबार हुए है। दीपावली पर बाजार की रौनक बता रही थी कि लोगों के मन में इस बार कोरोना और डेंगू की त्रासदी के जगह प्रमुख त्योहार दीपावली का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। पूर्व संध्या पर ही यह उल्लास चरम पर देखा गया।

# दीपावलीमय हुआ माहौल, रंग बिरंगी रौशनी में डूबे शहर से गांव

## छोटी दीपावली पर जमकर हुई आतिशबाजी


पटाखों से सजी दुकान पर खरीदारी करते ग्राहक


रंगीन झालर से जगमग शहर


चुनरी व माला की खरीदारी करती महिलाएं

**बक्सर।** दीपावली की पूर्व संध्या पर जिलेभर का माहौल दीपावली मय हो गया है। शहर से लेकर गांव तक तथा बाजार से लेकर लोगों के घरों तक इसका असर देखा गया। दीपावली की पूर्व संध्या पर परंपरागत तरीके से छोटी दीपावली भी मनाई गई तथा बच्चों ने जमकर आतिशबाजी भी की। वहीं, घरों की रंगाई पुताई के बाद पूर्व संख्या पर सुबह से ही लोग अपने घर को सजाने के काम में लगे थे। कोई अपने घरों के पास रंगोली बना रहा था, तो कोई पेंटिंग के बचे कामों को पूरा करते दिखा।

शाम ढलते ही अधिकांश घर रंगीन रौशनी से जगमग कर उठे। भले ही चाइनिज सामानों पर रोक की बात कही जा रही है, लेकिन दीपावली की पूर्व संख्या पर इसका जरा सा भी असर नहीं देखा गया। कई घरों को रंगीन इलेक्ट्रानिक लाइटों से सजाने के लिए बिजली मिस्त्री को बुलाया गया था। इसके अलावे लोग अपने घर के बाहर उगे घास पत्तों की सफाई भी करते नजर आए। सोमवार को दीपों का पर्व दीपावली मनाया जाएगा। इस मौके पर मिट्टी के दीए की लड़ियां भी अपनी रौशनी बिखेरेगी।

पूर्व संध्या से ही लोग अपने इष्ट-मित्रों, स्वजनों तथा नाते रिश्तेदारों को दीपावली की बधाई देने लगे है। विभिन्न सोसल साइटों पर दीपावली की बधाईयों की भरमार लगी है। छोटी दीपावली पर भी दीपावली जैसा ही उत्साह देखने को मिला। यह नजारा शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी एक समान रूप से देखा गया। सबसे अधिक खुशी बच्चों में देखी गई। छोटे बच्चें अभिभावकों द्वारा खरीदे गए पटाखों, मिठाईयों, फल तथा मेवे के साथ ही रंगीन छटां बिखेरने वाली लाईटों को देख खुश हो रहे थे।

## एक नजर

### नुक्कड़ नाटक से अग्निशामन विभाग ने दीपावली पर सावधानी बरतने की दी जानकारी



**डुमरांव।** दीपावली की पूर्व संध्या पर अग्निशामन विभाग ने डुमरांव, चौगाई, सिमरी सहित अनुमंडल के कई ग्रामीण बाजारों में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान भीड़ भाड़ वाले इलाकों तथा पटाखा दुकानों के पास रूक कर लोगों को खासकर दीपावली के दिन पटखा के से लगने वाली आग के बचाव हेतु उपाए बताए गए। अग्निशामक पदाधिकारी विजेंद्र कुमार के नेतृत्व में दर्जनों जगहों पर यह अभियान चलायगा गया। इस दौरान जरूरी उपाय बताने तथा मॉक ड्रिल कर उसे दिखाने के साथ ही लोगों से अधिक डेसीबल के पटाखों से दूर रहने की नसीहत भी दी गई। अग्निशामक पदाधिकारी द्वारा पटाखा विक्रेताओं को हिदायत दी गई कि दुकानों पर सुरक्षा के लिहाज से बालू और पानी के अलावे अग्नि निरोधक यंत्र जरूर रखें। दुकान पर केवल प्राधिकृत गुणवत्ता वाले पटाखे ही रखें। पटाखे की दुकान में दीया, मोमबत्ती, लाइटर और सलाई नहीं जलाए। इसके साथ ही आम लोगों को जागरूक किया गया कि दीपावली एवं छठ के अवसर घर के अंदर और भीड़भाड़ वाले स्थान पर पटाखे नहीं छोड़े। लोगों ने भी उनके सुझाव को ध्यान से सुना तथा उसे अमल में लाने को कहा। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लोगों को आग से बचाव के तरीके बताए गए।

### चौसा में जबरन जमीन अधिग्रहण के खिलाफ किसानों ने फूंका सदर विधायक का पुतला



**चौसा।** चौसा थर्मल पावर प्लांट द्वारा किए जा रहे भूमि अधिग्रहण के खिलाफ किसानों का धरना छठवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान किसानों ने क्षेत्रिय जनप्रतिनिधियों पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी का पुतला दहन किया। धरना देने वाले किसानों का कहना था कि थर्मल पावर प्रशासन धौंस दिखा उनकी जमीन को औने पौने दामों पर अधिगृहित करना चाहती है। लेकिन किसान उचित मुआवजा मिले बिना अपनी जमीन नहीं देंगे। किसानों कहा कि जबतक मुआबजे की राशि संतोषजन नहीं की जाती है। तबतक उसका सीमांकन भी नहीं होने दिया जाएगा तथा किसान अपनी चट्टानी एकता के माध्यम से प्रशासन को झूकने पर बाध्य कर देंगे। इस दौरान किसानों ने कहा कि उचित मुआबजा मिले बिना किसी भी सूरत में जमीन नहीं देंगे तथा जरूरत पड़ने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मुद्दे पर स्थानीय प्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी किसानों का आक्रोश चरम पर है। किसानो ने कहा कि इसका जबाब चुनाव के समय किसान एक जुट होकर देंगे। गौरतलब है कि चौसा थर्मल पॉवर द्वारा रेल कॉरिडोर और वाटर पाइप लाइन बिछाने के लिए किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया जाना है। कंपनी द्वारा इसकी प्रक्रिया भी शुरू की गई है। लेकिन पहले से ठगा महसूस कर रहे किसान इस बार अपनी जमीन के मुवावजा को लेकर गम्भीर है तथा सप्ताह भर से इसके विरोध में धरना दे रहे है।

### बुखार के बाद प्लेटलेट्स घटने से डुमरांव के युवक की हुई मौत, घर में मचा कोहराम

**डुमरांव ।** शहर के एक युवक की मौत इलाज के दौरान हो गई है। उसे तीन चार दिनों से बुखार आ रहा था तथा प्लैटलेट्स भी तीस हजार के नीचे आ गया था। अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी स्थिति बिगड़ने पर उसके परिजन उसे लेकर वाराणसी गए थे। लेकिन इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। इस मामले में उसके परिजनों का कहना है कि उसे डेंगू हुआ था। हालांकि स्वास्थ विभाग द्वारा अब तक इसकी पुष्टि नहीं की जा रही है। मृतक अजय कुमार डुमरांव नगर परिषद के रिटायर्ड कर्मी बिहारी यादव का पुत्र था। पिछले तीन चार दिनों से वे बुखार से पीड़ित था तथा उनका प्लेटलेट्स तीस हजार से कम हो गया था। वहीं, सिमरी थाना क्षेत्र के बड़का सिंहनपुरा गांव के जुम्मन मियां की मौत भी ऐसे लक्षणों के बाद हुई है। दोनों मौतों के बाद इलाके में डेंगू का खौफ बढ़ गया है। इन घटनाओं ने इस बात की चेतावनी भी दे दी है कि इस क्षेत्र में भी जानलेवा डेंगू मच्छरों का प्रभाव बढ़ा है तथा स्थानीय नगर परिषद इस पर काबू पाने में पूरी तरह विफल है। एक तरफ नगर परिषद द्वारा मच्छर व लार्वा रोधी दवा के छिड़काव का दावा किया जा रहा है, तो दूसरी तरफ शहर के एक बड़े हिस्से में सालों से हुए जलजमाव तथा बजबजाती नालियां डेंगू व मलेरियां जैसे बीमारियों को खुलेआम न्योता देते नजर आ रही है। नगर परिषद के दावे की सच्चाई तो सड़कों के किनारे पसरे कूड़े तथा ओवर फ्लो करती नालियां खुद दे रही है।

### दूसरे दिन भी नहीं हुई फरार आरोपियों की गिरफ्तारी

**डुमरांव।** तिलक राय के हाता ओपी थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव में जमीन विवारद में शिवशंकर रजक को मौत के घाट उतारने तथा आधा दर्जन से अधिक लोगों को धारदार हथियारों से जख्मी करने के फरार आरोपियों की दूसरे दिन भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। हालांकि पुलिस उनके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। इधर मारपीट की इस घटना में गंभीर रूप से जख्मी रामेश्वर रजक की हालत रविवार को भी नाजूक बनी हुई है। जबकि इस घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल कायम है। गौरलब है कि शुक्रवार की देर शाम मानिकपुर गांव में जमीन विवाद को ले दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुआ था। जिसमें गंभीर रूप से जख्मी 45 वर्षीय शिवशंकर रजक की मौत हो गई थी।






## छोटी खबरें

### जिलेवासियों को डीएम ने दीपोत्सव एवं छठ की दी बधाई

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने जनपदवासियों को दीपावली पर्व की बधाई देते हुए उनके स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि एवं खुशहाल भविष्य की कामना की है। जिले के सभी अधिकारियों से अपील किया कि इस मौके पर कम से कम पटाखों का प्रयोग करें। सावधानी बरतें तथा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित मानक का पालन करें। जिलाधिकारी ने लोगों से यह भी अपील किया है कि दिपावली के अवसर पर कम से कम पटाखे जलाएं। पटाखे जलाते समय बच्चों के साथ बड़े अवश्य रहें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जरूरी है कि ग्रीन पटाखे जलाएं जाएं। जिलाधिकारी ने अपने बधाई संदेश में सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जनपदवासियों से यह भी आह्वान किया है कि अपने को सुरक्षित रखकर दीपावली के पर्व को परम्परागत ढंग एवं हर्षोंल्लास के साथ मनाएं।

### इमरजेंसी व जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों के बीच बांटे गए फल

**बलिया।** ऑल इण्डिया पयामे इंसानियत फोरम, बलिया यूनिट के ओर से रविवार को शहर के सदर अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान इमरजेंसी वार्ड व जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों व उनके सेवकों के बीच फल का वितरण किया गया। मास्टर नफीसुल हसन ने कहा कि गरीबों एवं असहाय लोगों की सेवा ही मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। सेवा भावना के लिए ही संगठन का गठन हुआ है और संगठन का मुख्य काम सेवा ही है। इस मौके पर मास्टर नफीसुल हसन, संतोष सिंह, तेज नारायण, शैलेश धुसिया, मौलाना सादिक, अरमान, अबुबकर मास्टर, सईदुल हसन आदि मौजूद रहे।

### सीढ़ी से गिरकर अधेड़ महिला की मौत

**गाजीपुर।** भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के मंझनपुर मदरा गांव में रविवार देर शाम लकड़ी की सीढ़ी लगाकर घर की पुताई कर रही 55 वर्षीय अधेड़ महिला सुभावती देवी पत्नी चंद्र दीप मौर्य असंतुलित होकर जमीन पर गिर पड़ी। परिजनों ने आनन –फानन में निजी अस्पताल जखनियां ले गए, जहां चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। मृतका के तीन लड़के व दो लड़कियां थीं। खेती–बाड़ी करके जीविका चलाती थी। तत्काल प्रधान प्रतिनिधि झुन्ना सिंह ने पहुंचकर परिवार को सांत्वना दी।

# डीएम की सख्ती: मुख्तार अंसारी के बेटों की सात करोड़ 51 लाख की संपत्ति कुर्क

■ अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के तहत किया कुर्क

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए मुख्तार अंसारी के बेटों अब्बास अंसारी एवं उमर अंसारी के नाम दर्ज अचल संपत्ति को आज कुर्क करने के आदेश जारी किए। बताया जाता है कि अभियुक्त मुख्तार अंसारी द्वारा अपने नाम मौजा जहांगीराबाद परगना व तहसील सदर जनपद मऊ में आराजी नंबर 168, रकबा 45.45 एयर व आराजी नंबर 458, 169/1 (कुल 2 गाटा) रकबा 286 एयर व मौजा जहांगीराबाद में ही खेवट नंबर 1/1 भूखंड संख्या 295 रखवा 0.345 हेक्टेयर का 1/3 यानि 0.115 हेक्टेयर जमीन अभियुक्त द्वारा अपराध कर अवैध रूप से अर्जित धन से अपनी माता के नाम से क्रय किया गया है, जो राबिया बेगम की मृत्यु के पश्चात क्रमशः प्रथम व द्वितीय आराजी नंबर वसीयतनामे के अनुसार अब्बास अंसारी व उमर अंसारी के नाम दर्ज है। उक्त अचल संपत्ति का वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 7,51,50,000 रुपये है। जिसको गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे कुर्क करने का आदेश जिलाधिकारी अरुण कुमार द्वारा दिया गया। मुख्तार अंसारी द्वारा अवैध



मुनियादी कराते पुलिस पदाधिकारी

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे दो अपराधी गिरफ्तार

**गाजीपुर।** पुलिस के लिए सिरदर्द बने दो अभियुक्तों को दुल्लहपुर पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसपी के निर्देश पर मुकदमा अपराध संख्या 185/22 व 198/22 में वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। जिले में अपराध तथा अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा के कुशल पर्यवेक्षण में थाना दुल्लहपुर में मुअसं 185/2022 की धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैगेस्टर अधिनियम से संबन्धित वांछित अभियुक्त राजनाथ उर्फ राजू पुत्र चौथी राम निवासी बल्लीपुर थाना बिरनो गाजीपुर व मुअसं 198/22 धारा 363 व 366 आईपीसी में वांछित अभियुक्त रितनेश सिंह उर्फ रोहित सिंह पुत्र जंगबहादुर सिंह निवासी धनेशपुर थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर को क्रमशः थानाध्यक्ष दुल्लहपुर, उनि सुरेन्द्र कुमार दूबे एवं पुलिस टीम द्वारा रविवार को गिरफ्तार किया गया।

तरीके से अर्जित धन के माध्यम से इन जमीनों का क्रय किया गया था।

डीएम ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत अवैध तरीके से अर्जित किए गए धन के प्रयोग से निर्मित चल व अचल संपत्तियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करने का कार्य जारी है।

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयुष मंत्रालय द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन

# आयुर्वेद में है रोग को जड़ से खत्म करने की ताकत : आयुष राज्यमंत्री

- स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकीय परामर्श के साथ लोगों ने लिया स्वास्थ्य लाभ
- उद्यान विभाग ने लोगों के बीच नि:शुल्क औषधीय पौधों का किया वितरण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर सैदपुर के सिधौना गांव स्थित रामलीला मैदान में रविवार को आयुष मंत्रालय द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन आयुष राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र उर्फ दयालु ने आयुर्वेद के देवता भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। इसके साथ ही मंत्री ने शिविर में लगे विभिन्न स्टालों पर भ्रमण कर, लोगों को मिल रही सुविधा का निरीक्षण भी किया।



भगवान धन्वंतरि की पूजा करते आयुष राज्यमंत्री



शिविर में आए बच्चों से जानकारी लेने के बाद राज्यमंत्री

## औषधीय पौधों और उन्नत सब्जी के बीजों का हुआ वितरण

**गाजीपुर।** रामलीला मैदान में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आयुर्वेद, यूनानी, होमियोपैथी चिकित्सा पद्धतियों सहित योगाभ्यास के शिविर भी लगाए गए थे। सैकड़ों मरीजों ने डॉक्टर से अपनी समस्या बताते हुए उनकी सलाह, योग के तरीके सहित निः शुल्क दवा प्राप्त किया। स्वास्थ्य शिविर में उद्यान विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाया गया था, जहां क्षेत्रीय लोगों में नि:शुल्क औषधीय पौधों सहित किसानों को नि:शुल्क उन्नत और पौष्टिकता से भरपूर सब्जियों के बीजों का वितरण भी किया गया।

इस दौरान उप जिलाधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता, डीओ आयुर्वेद शिव कुमार यादव, राजकीय होम्योपैथ चिकित्सा रामपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर तिवारी, शिवाजी मिश्रा, जिलाध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मुन्नीलाल पांडेय, रमेश मिश्रा, सिरताज सिंह, उपेन्द्रनाथ मिश्रा, करुणा शंकर मिश्रा, अमित मिश्रा आदि कार्यक्रम में मौजूद रहे।

इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने चिकित्सा शिविर में डॉक्टर से परामर्श लेकर, मुफ्त दवा प्राप्त किया। इस अवसर पर लगे विभिन्न स्टालों का भ्रमण करते हुए मंत्री दयाशंकर मिश्र ने कहा कि स्वास्थ्य समस्याओं के लिए आयुर्वेदिक दवाओं को हमेशा बेहतर माना जाता है। क्योंकि यह चिकित्सा प्राकृतिक होती है और समस्या को जड़ से खत्म करने में सक्षम होती है। भारतीय पौराणिक दृष्टि से धनतेरस को स्वास्थ्य के देवता का दिवस माना जाता है। भगवान धन्वंतरि आरोग्य, सेहत, आयु और तेज के आराध्य देवता हैं। भगवान धन्वंतरि आयुर्वेद जगत के प्रणेता तथा वैद्यकीय शास्त्र के देवता माने गए हैं। इसके दृष्टिगत आज यहां स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग चिकित्सक के परामर्श के साथ स्वास्थ्य लाभ पा रहे हैं।



गाजीपुर । जिले में हर ओर दीपावली का उत्साह देखने को मिल रहा है। शहरी के साथ साथ ग्रामीण इलाकों में लोग दीपावली पूजन को लेकर खरीदारी करते दिख रहे हैं। इस क्रम में रविवार को जिला मुख्यालय में एक महिला लक्ष्मी गणेश की मूर्ति खरीदती नजर आई।

## आयुष्मान भारत योजना की लाभार्थी गर्भवतियों को सरकारी अस्पतालों में प्रसव कराना अनिवार्य

- मुनाफा कमाने के चक्कर में नर्सिंग होम में की जा रही है सामान्य की जगह सिजेरियन डिलीवरी
- आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 1350010 लाभार्थी सूचीबद्ध

**केटी न्यूज/बलिया**

आयुष्मान भारत योजना की लाभार्थी गर्भवती महिलाएं अब निजी अस्पतालों में प्रसव नहीं करा सकेंगी। सरकारी अस्पतालों में ही डिलीवरी कराने पर योजना का लाभ मिलेगा। बताया गया कि कुछ जिलों में नर्सिंगहोम अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में सामान्य की जगह सिजेरियन डिलीवरी कर रहे थे।





इसके बाद यह आदेश जारी हुआ है। आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत केंद्र सरकार ने वर्ष 2018 में की थी। इसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पांच लाख रुपये तक का बीमा कवर दिया जा रहा है। योजना के लाभार्थी को एक गोल्डन कार्ड दिया जाता है। इसकी मदद से वह योजना से संबद्ध अस्पतालों में साल में पांच लाख रुपये तक का इलाज करा सकते हैं। जिले में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अंतर्गत कुल 1350010 लाभार्थी सूचीबद्ध हैं। सूचीबद्ध चिकित्सालय कुल 25 हैं। इसमें 12 सरकारी और 13 निजी क्षेत्र के हैं। जनपद के कुल 13582 मरीजों का अब तक योजना के तहत उपचार हुआ है। 362490 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक, शासन द्वारा नामित एक एजेंसी ने पाया कि नर्सिंग होम मुनाफा कमाने के लिए सामान्य प्रसव के बजाए ऑपरेशन कर रहे हैं। ऐसे में सरकारी अस्पतालों में ही लाभार्थियों को प्रसव कराने पर योजना का लाभ मिलने का आदेश जारी हो गया है। जिला कार्यक्रम समन्वयक, आयुष्मान भारत योजना, डॉ. चंद्रशेखर सिंह अब आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थी महिलाएं सरकारी अस्पतालों में ही प्रसव करा सकेंगी। इस संबंध में आदेश जारी हो गया है। सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं बहुत बेहतर हैं।

## सीएम सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम दो दिसंबर को, इच्छुक जोड़े कराएं रजिस्ट्रेशन

- निर्धन व निराश्रित परिवारों के वर-वधु लगाएंगे सात फेरे

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन दो दिसंबर 2022 को होना तय है। जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के निराश्रित/निर्धन परिवारों के विवाह योग्य कन्या तथा विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलाओं के विवाह हेतु अनुदान योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जायेगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने बताया है कि इच्छुक पात्र जोड़े अपना रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें। पात्रता की शर्तों में कन्या के अभिभावक निराश्रित, निर्धन तथा जरूरतमन्द हो, आवेदक के परिवार की आय दो लाख के अन्तर्गत हो, विवाह हेतु कन्या की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है।

आयु की पुष्टि के लिए स्कूल, शैक्षणिक रिकार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आधार कार्ड मान्य होगा, इस योजना के अन्तर्गत परिवारों के कन्या का विवाह, विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा, जिसका कानूनी रूप से तलाक हो गया हो, का पुनर्विवाह कराया जाना है, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदकों को जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा एवं विवाह हेतु निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री, ऐसी कन्या जो स्वयं विकलांग हो उनको प्राथमिकता दी जायेगी।

## एक नजर

### रेवतीपुर प्रखंड में दो दिवसीय गंगा दूत प्रशिक्षण



**गाजीपुर।** नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय गंगा दूत प्रशिक्षण विकास खंड रेवतीपुर के पंचायत सभागार में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में गंगा दूतों ने स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण एवं लोगों को मां गंगा के प्रति कैसे जागरूक करना है विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। गंगा को स्वच्छ रखने का संकल्प भी लिया। पूर्व ब्लाक प्रमुख मुकेश राय ने कहा कि मां गंगा की सेवा करने का अवसर सभी युवाओं के लिए सौभाग्य की बात है। स्वच्छता अभियान के प्रति आगे बढ़ना यह स्वप्रेरणा का विषय है। मां गंगा भारत की जीवन रेखा हैं। गंगा महासभा के प्रदेश मंत्री शिवम् चौबे ने कहा कि गंगा को अविरल एवं निर्मल बनाने के लिए नमामि गंगे अभियान लगातार कार्य कर रहा है। इसके उद्देश्य को पूरा करने के लिए हम सभी को आगे आना चाहिए। सभी का आभार जिला परियोजना अधिकारी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रकट किया। इस अवसर पर कामाख्या राय, सतीश राय, राज्य प्रशिक्षक पारस नाथ यादव, कन्हैया राम, जन्मेजय चौरसिया, इंद्रजीत यादव, आकांक्षा राय, हर्षवर्धन राय, अजय आदि लोग उपस्थित रहे '

### ज्ञानगंगा टीम ने युवा समाजसेवियों को किया सम्मानित





**गाजीपुर।** जिले के स्टार पैलेस में ज्ञानगंगा टीम द्वारा जिले के सभी समाज सेवी, युवा समाज सेवियों को सम्मानित किया गया। जिसमें जिले के सबसे वरिष्ठ समाज सेवी बाबू लाल मानव जो अपने पेंशन का पूरा पैसा असहाय मरीज को दूध पिलाने में लगा देते हैं, तो दूसरी ओर कुंवर वीरेंद्र सिंह जो लावरिशों के वारिस भी कहे जाते हैं। चाहे लावारिस लाश हो या कोई असहाय मरीज हो, उनका इलाज उपचार करवाना और वहीं 19 वर्षीय पुरुषोत्तम चौधरी "आरुष" जो जिले में ही नहीं, बल्कि देश के कोने-कोने तक सोशल मीडिया की मदद से पूरे कोरोना काल और अभी भी असहाय जरुरतमंद मरीजों को रक्त मुहैया करवाना, प्लाज्मा प्लेटलेट्स एसडीपी के अब तक पूरे 1600 से ज्यादा मरीजों को मदद पहुंचाया करते हैं। खुद भी छह बार रक्तदान किए हैं। संकल्प फाउंडेशन संस्था के संस्थापक भी हैं। जीवनरक्षक फाउंडेशन के संस्थापक शीर्षदीप शर्मा को 29 बार रक्तदान करने पर और प्रदेश में मरीजों को रक्त मुहैया करवाने के लिए सम्मानित किया गया।

### युवक पर गोलीबारी में चार के खिलाफ प्राथमिकी



**बलिया।** जिले के नरही थाना क्षेत्र के चौरा सलेमपुर गांव में गोली लगने से घायल युवक अर्जुन पटेल की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर धरपकड़ शुरू कर दी है। पीड़ित के दिए तहरीर के अनुसार शनिवार की देर शाम गोबर रखने को लेकर दिनेश सिंह, किशन, प्रताप सिंह, अखिलेश सिंह व विक्की सिंह से पहले कहासुनी हुई। जिसमें आरोपी पक्ष की ओर से लोगों ने गोली चलाना शुरू कर दिया। जिससे अर्जुन पटेल को गोली लग गई और गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से अर्जुन को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरहीं लाया गया। लेकिन, हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं, देररात तक पुलिस ने पीड़ित का बयान दर्ज नहीं किया था। लेकिन रविवार को नदी थाना पुलिस ने अर्जुन पटेल के द्वारे पर 4 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर धरपकड़ शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष पन्ने लाल ने बताया कि पीड़ित के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत

**गाजीपुर।** भुड़कुड़ा थाने के कुड़ीला गांव में सायंकाल एक 13 वर्षीय किशोरी घर में फांसी के फंदे से लटक गई। मौत के बाद पूरे बाजार में चर्चा शुरू हो गई है। परिजन भी कुछ बताने से इन्कार कर रहे हैं। कोतवाल राजू दिवाकर ने बताया कि ऐसी कोई सूचना मेरे पास नहीं आई है।

# एक साल में प्राचार्य ने कॉलेज को बदल डाला : प्रो. अजय

- स्वामी सहजानन्द पीजी कॉलेज में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन
- सफल एवं सहयोगी कार्य-दक्षता के लिए प्राचार्य प्रो. वीके राय को किया सम्मानित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

स्वामी सहजानंद पीजी कॉलेज में शनिवार को महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने एक कार्यक्रम में प्रो. वीके राय के महाविद्यालय के प्राचार्य पद के दायित्व संभालने के एक वर्ष व्यतीत होने पर उन्हें सम्मानित किया गया। सभी ने प्राचार्य कक्ष में प्रो. राय को पुष्प-मालाएं भेंट करते हुए उनके सफल एवं सहयोगी कार्य-दक्षता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा चयनित प्रो. वीके राय ने पिछले वर्ष 23 अक्टूबर को महाविद्यालय में प्राचार्य पद पर कार्य-भार ग्रहण किया था। प्रो. राय इससे पूर्व वाराणसी के हरिश्चंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग में एसोशिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। महाविद्यालय के शिक्षकों तथा कर्मचारियों का मानना है कि प्रो. राय के सक्रिय एवं रचनात्मक व्यक्तित्व का परिणाम है कि महाविद्यालय अपने स्वर्ण-जयंती वर्ष में निरंतर प्रगति-पथ पर अग्रसर है। महाविद्यालय के तीन वरिष्ठ प्राध्यापकों को अत्यंत तत्परता पूर्वक प्रोफेसर पद नाम के लिए कार्यवाही की गई। छात्रों को शुद्ध पेय-जल उपलब्ध करने के लिए नए आरो सिस्टम लगाए गए। महाविद्यालय की वेबसाइट को छात्रों के लिए यूजर फ्रेंडली तथा अधिक सूचनाप्रद बनाने के लिए परिवर्तन किए गए। महाविद्यालय मे खेल-कूद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य-योजना तैयार की गयी। परिसर में पौधरोपण तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। साथ ही, नयी शिक्षा नीति के अनुरूप सेमेस्टर आधारित पठन-पाठन सुनिश्चित किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. वीके राय ने सभी शिक्षकों तथा कर्मचारियों को उनके सहयोग एवं कार्य शैली के लिए आभार व्यक्त किया। प्रो. राय ने महाविद्यालय के प्रबंध समिति के प्रति भी आभार व्यक्त किया। इस सम्मान समारोह में प्रो. अजय राय, प्रो. गायत्री सिंह, डॉ. कृष्णा नन्द चतुर्वेदी, प्रो. मधुसूदन मिश्र, रामधारी राम, सन्ने सिंह, निवेदिता सिंह, डॉ. राकेश पाण्डेय, सौम्या वर्मा, कुशल पाल सिंह, तूलिका श्रीवास्तव, डॉ. सतीश राय, डॉ. श्याम नारायण राय, डॉ. देव प्रकाश राय, डॉ. अभय कुमार मालवीय, डॉ. सतीश पाण्डेय, संजय राय, नित्यानन्द राय, ओम प्रकाश राय, सशांक राय, सत्येंद्र राय, समीर राय, शरद राय, प्रवीण राय, मुन्ना, संतोष राम आदि शिक्षकों तथा कर्मचारियों ने पुष्प-माला भेंट करते हुए यशस्वी प्राचार्य को सम्मानित किया। कार्यक्रम मे उपस्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गोराबाजार के प्रबंधक रामानुज राय ने भी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राय को माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया।



प्राचार्य को सम्मानित करते कॉलेज के प्रोफेसर और शिक्षक